दिन—रविवार दिनांक— 03 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः— 05 मिनट

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाले राज्य मंत्रिमंडल के विस्तार को लेकर राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गयी है। मंत्रिमंडल विस्तार के मुद्दे पर पार्टी के केन्द्रीय नेताओं से चर्चा के लिए मुख्यमंत्री दिल्ली में हैं। श्री चौधरी ने दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रेलमंत्री अश्विणी वैष्णव, केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय, केन्द्रीय मंत्री ललन सिंह और जीतनराम मांझी समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि रक्षामंत्री से विकसित बिहार के लक्ष्य को साकार करने पर चर्चा हुई। श्री चौधरी ने बताया कि रेलमंत्री से मुलाकात में रेलवे के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, बेहतर रेलसंपर्क और बिहार के समग्र विकास में तेजी लाने पर विचार—विमर्श हुआ।

———————————————————————————

प्रदेश की सभी पंचायतों में इस महीने की उन्नीस तारीख से प्रत्येक महीने के पहले और तीसरे मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसका आयोजन पंचायत सरकार भवन या इसके आस—पास किसी सार्वजनिक स्थान पर होगा। इसका मकसद आम नागरिकों को बेहतर प्रशासनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

———————————————————————————

जदयू अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार ने आज अपनी पहली राजनीतिक यात्रा की शुरुआत की है। निशांत कुमार की इस यात्रा का नाम सद्भाव यात्रा रखा गया है। पटना स्थित पार्टी मुख्यालय से यात्रा के लिए रवाना होने से पूर्व निशांत कुमार ने कहा कि इस यात्रा का मकसद समाज में सौहार्द और सद्भाव की भावना को मजबूत बनाना है। यात्रा के दौरान जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा भी मौजूद रहेंगे। इधर, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि निशांत कुमार की यात्रा से पार्टी के सभी

लोग उत्साहित है। श्री चौधरी ने कहा कि इस यात्रा को सफल बनाने के लिए पार्टी ने पूरी तैयारी की है।

——————————————————————————

सीवान नगर थाना क्षेत्र के आंदर ढाला के समीप उनतीस अप्रैल को हुए चर्चित गोलीकांड में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी सोनू कुमार को मुठभेड़ में ढेर कर दिया है। मारा गया अपराधी पूर्व एमएलसी मनोज सिंह के भांजे की हत्या में शामिल था। जिले के बड़हरिया थाना क्षेत्र में अपराधी के छिपे होने की सूचना मिलने पर पुलिस ने इलाके की घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जबावी कार्रवाई में कुख्यात अपराधी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने इस एनकाउंटर पर कहा कि अपराधियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जायेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपराध मुक्त बिहार बनाने का संकल्प लिया है।

——————————————————————————

आज विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस है। यह प्रेस की स्वतंत्रता को प्रोत्साहित करने और विकसित करने तथा विश्व स्तर पर प्रेस की स्वतंत्रता की स्थिति का आकलन करने का अवसर है। इस वर्ष का विषय– शांतिपूर्ण भविष्य का निर्माण है। विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस की घोषणा संयुक्त राष्ट्र महासभा ने उन्नीस सौ तिरानवे में की थी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस अवसर पर मीडिया में काम करने वाले सभी कर्मियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष पत्रकारिता की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण होती है। इस अवसर पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है।

——————————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में आंधी–बारिश की स्थिति लगातार बनी हुई है। आज राजधानी पटना सहित विभिन्न जिलों में सुबह से बादल छाये हुए हैं और हवा चल रही है। इससे तापमान में कमी आई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य का औसत न्यूनतम तापमान उन्नीस से छब्बीस डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकांश भागों में चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा के साथ वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, विभाग ने किशनगंज जिले में भारी बारिश की संभावना जताई है।

———————————————————————————

समाप्त